भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.03.2021 के
तारांकित प्रश्न सं. 239 का उत्तर

तिरुमला तिरुपति दर्शन के लिए विशेष रेलगाडियां

***239. कुमारी गोड्डेति माधवी:**
श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के विभिन्न भागों में तिरुमला तिरुपति आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए कोई उपाय किए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का विचार तिरुमला तिरुपति दर्शन के लिए विशेष रेलगाड़ियां शुरू करने का है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

तिरुमला तिरुपति दर्शन के लिए विशेष रेलगाड़ियों के संबंध में दिनांक 10.03.2021 को लोक सभा में कुमारी गोड्डेति माधवी और श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं.239 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): पिछले कुछ वर्षों से तिरुपति और रेणिगुंटा स्टेशनों तक देश के विभिन्न भागों से तीर्थयात्रियों को लाने के लिए गाड़ियों को सम्हालने संबंधी सुविधाओं में बहुत अधिक संवर्द्धन हुआ है। यात्रियों की सहूलियत के लिए इन स्टेशनों पर पर्याप्त आधुनिक यात्री सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। इनमें विश्राम कक्ष, एसी और नॉन-एसी प्रतीक्षालय, अल्पाहार कक्ष, खानपान स्टॉल, वाटर वेंडिंग स्टॉल, अमानती घर, भुगतान करो एवं उपयोग करो (पे एंड यूज़) शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, इंडियन रेलवे टूरिज़्म एंड केटरिंग कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) और आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा चलाए जा रहे पर्यटन सुविधा केंद्र शामिल हैं। यात्रियों के लिए एक प्रीमियम लाउंज की स्थापना भी की गई है। पर्यटन आकर्षण के रूप में, कॉनकोर्स क्षेत्र में दशावतार प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। स्टेशन पर हवाई अड्डों की तरह प्रकाश व्यवस्था की गई है और स्टेशन के अग्रभाग में इंद्रधनुष जैसी रंग-बिरंगी प्रकाश व्यवस्था की गई है।

(ग) और (घ): इस समय, मौजूदा कोविड परिदृष्य का अनुपालन करने के लिए चेतावनियों और प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए, तिरुपति और रेणिगुंटा स्टेशनों को देश के विभिन्न भागों से जोड़ते हुए 45 जोड़ी विशेष गाड़ी सेवाएं (कुछ दैनिक आधार पर हैं और अन्य गाड़ियां दैनिक आधार पर नहीं हैं) परिचालित की जा रही हैं। इसके अलावा, आईआरसीटीसी द्वारा तिरुमला तिरुपति दर्शन के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से रेल, सड़क और वायु मार्ग द्वारा विभिन्न टूर पैकेज संचालित किए जाते हैं। इन पैकेजों में परिवहन, भोजन, आवास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा बीमा और टूर एस्कॉर्ट/टूर गाइड और अग्रिम तौर पर तिरुमला तिरुपति दर्शन के लिए 'दर्शन पास' की व्यवस्था करना शामिल है।

*****